-13- बि० 60 / सं० 2

विभाग
पत्रावली संख्या

## टीपें और आज्ञायें

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी

महोदय,

कृपया पत्रावली के सम्मुख भाग पर पताका ''क'' व ''ख'' पर क्रमशः श्री रमेश आर्या, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, रूद्रप्रयाग के प्रार्थना–पत्र दिनांक 31 जुलाई, 2019 व श्री मोहम्मद शरीफ, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल की प्रार्थना के क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल के पत्र संख्या 5621 दिनांक 29 अगस्त, 2019 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2– उक्त के क्रम में श्री रमेश चन्द्र आर्या, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा अपने प्रार्थना–पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनकी पुत्री मानसिक रूप से अस्वस्थ्य होने तथा फेफड़ों में पानी भरने के कारण वर्तमान में उसका नीलकण्ठ मल्टीस्पेशियलटी हॉस्पिटल, हल्द्वानी में उपचार चल रहा है। उनकी पत्नी डायबिटीज एवं हार्ट की मरीज होने के कारण उन्हें स्वंय अपनी पुत्री की देखरेख एवं प्रत्येक उपचार हेतु हल्द्वानी चिकित्सक के पास ले जाना पड़ता है। रूद्रप्रयाग से हल्द्वानी की दूरी लगभग 350 किमी0 होने के कारण उनके कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस क्रम में उनके द्वारा अपना स्थानान्तरण जनपद बागेश्वर में रिक्त सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के पद पर किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3– इसी प्रकार श्री मोहम्मद शरीफ, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से प्रेषित अपने प्रार्थना–पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनकी पत्नी जिला कार्यालय अल्मोड़ा में कार्यरत है तथा उनकी पुत्री का हार्ट का आपरेशन एवं पिताजी के घुटनों का आपरेशन होने के कारण उनकी देख रेख करने वाले घर पर कोई नहीं है। उन्हें दिल्ली एवं हल्द्वानी चैकअप के लिए ले जाना होता है, जनपद पौड़ी से अल्मोड़ा काफी दूर होने के कारण उनके द्वारा कुमायूँ मण्डल के नजदीकी जनपद में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध किया गया है तथा वर्तमान में जनपद बागेश्वर के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के रिक्त पद पर स्थानान्तरित करने का अनुरोध किया गया है।

वर्तमान में जनपदों में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनात कार्मिकों का विवरण निम्नवत है :–

| क्र.सं. | जनपद का नाम | तैनात कार्मिक का नाम | कब से तैनात है | पूर्व में तैनात जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तरकाशी | श्री अरूणेश पैन्यूली | 24.06.2019 | टिहरी गढ़वाल |
| 2 | चमोली | श्री भरत सिंह रावत | 08.06.2018 | देहरादून से पदोन्नत |
| 3 | रूद्रप्रयाग | श्री रमेश चन्द्र आर्य | 08.06.2018 | अल्मोड़ा |
| 4 | टिहरी गढ़वाल | श्री शान्ति लाल शाह | 24.06.2019 | उत्तरकाशी |
| 5 | देहरादून | श्री प्रेम सिंह रावत | 03.10.2013 | रूद्रप्रयाग |
| 6 | हरिद्वार | श्री हरीश सिंह रावत | 08.06.2018 | ऊधम सिंह नगर |
| 7 | पौड़ी गढ़वाल | श्री विजय तिवाड़ी | 07.03.2011 | देहरादून से पदोन्नत |
| 8 | पिथौरागढ़ | श्री भुवन सिंह राणा | 25.04.2018 | ऊधम सिंह नगर से पदोन्नत |
| 9 | बागेश्वर | रिक्त | | |
| 10 | अल्मोड़ा | श्री शंकर राम | 08.06.2016 | रूद्रप्रयाग |
| 11 | चम्पावत | श्री नैन सिंह मेहरा | 25.04.2018 | हरिद्वार से पदोन्नत |
| 12 | नैनीताल | श्री प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी | 16.09.2015 | बागेश्वर |
| 13 | ऊधम सिंह नगर | श्री पी.सी. बुधलाकोटी | 08.06.2018 | हरिद्वार |

विभाग
पत्रावली संख्या

## टीपें और आज्ञायें

जनपद बागेश्वर में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी का पद श्री दिनेश चन्द्र आर्य की दिनांक 31 अगस्त, 2019 को सेवानिवृत्ति उपरान्त रिक्त हो गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दोनों ही पद एक ही वेतन के होने के कारण उक्त रिक्त पद को भरे जाने हेतु आदेश संख्या 349 दिनांक 05 मार्च, 2018 के द्वारा विभागीय ढांचे में निम्न व्यवस्था की गयी है :–

**''जनपदों में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद स्वीकृत हैं वहां पर ज्येष्ठता के आधार पर ज्येष्ठ कार्मिक सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में तथा कनिष्ठ कार्मिक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पदीय दायित्वों का निर्वहन करेंगें तथा जिन जनपदों में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद स्वीकृत नहीं है उन जनपदों में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के रिक्त पदों पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से तैनाती की जायेगी।''**

उक्तानुसार वर्तमान में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के 5 स्वीकृत पदों के सापेक्ष केवल जनपद पौड़ी गढ़वाल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद भरा हुआ है, जिसमें तैनात कार्मिक को ही जनपद में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के दायित्वों के निर्वहन हेतु तैनात किया जा सकता है।

प्रश्नगत प्रकरण में श्री रमेश चन्द्र आर्य, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, रूद्रप्रयाग एवं श्री मोहम्मद शरीफ, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, दोनों के द्वारा ही अपनी–अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण जनपद बागेश्वर में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के पद पर स्थानान्तरित/तैनात किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त कार्मिकों की वर्तमान तैनाती जनपद/चिकित्सालय जनपद तथा नवीन तैनाती जनपद की दूरियों का विवरण निम्नवत् है।

| | |
|---|---|
| रूद्रप्रयाग से हल्द्वानी | लगभग 296 कि.मी. |
| पौडी गढ़वाल से हल्द्वानी | लगभग 285 कि.मी. |
| बागेश्वर से हल्द्वानी | लगभग 250 कि.मी. |
| बागेश्वर से अल्मोड़ा | लगभग 150 कि.मी. |

उक्तानुसार जनपद बागेश्वर में रिक्त चल रहे सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनाती किये जाने हेतु पत्रावली निर्णय लिये जाने हेतु प्रेषित की जा रही है।

कृपया उपरोक्त टिप्पणी के क्रम में बागेश्वर में रिक्त चल रहे सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनाती किये जाने हेतु प्रस्ताव सचिव एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदया को सन्दर्भित करने का कष्ट करें।

स० नि०अधि० 4/9/19    अनु०अधि० 04/9/19    4/9/2019 ACEO

Dy. CEO

महोदय,
उक्त के आलोक में श्री रमेश चन्द्र आर्य, ADEO रूद्रप्रयाग को ADEO बागेश्वर के रिक्त पद पर स्थानान्तरित किए जाने का प्रस्ताव है। मो. शरीफ मु.प्र.अ. पौड़ी को जनपद रुद्रप्रयाग में ADEO के पद पर पदस्थापित/तैनात [illegible] प्रस्तावित है। क. तदनुसार उच्चानुमोदन

विभाग
पत्रावली संख्या

## टीपें और आज्ञायें

आल

13.9.19

DY. CEO

महोदय से हुई वार्ता के क्रम में दोनों आवेदनपत्रों का कार्यालय अभिलेखों के आधार पर पुनः परीक्षण किया गया, दोनों आवेदकों का गृह जनपद अल्मोड़ा है, मो॰ शरीफ लगभग 26 वर्ष अपने गृह जनपद अल्मोड़ा में तैनात रहे तथा 01 वर्ष 02 माह अन्य जनपदों में तैनात रहे, जबकि श्री रमेश चन्द्र आर्य 06 वर्ष गृह जनपद अल्मोड़ा में, 01 वर्ष टिहरी, 10 वर्ष नैनीताल, 07 वर्ष पिथौरागढ़, 03 वर्ष चम्पावत, तथा वर्तमान में 01 वर्ष से रुद्रप्रयाग में तैनात रहे। दोनों द्वारा अपने परिजनों के स्वास्थ्य के आधार पर सहानुभूतिपूर्वक निवेदन किया गया है,

उक्त के आधार पर टिप्पणी पृष्ठ 14 के अंश 'क' पर उच्चानुमोदन निवेदित है।

01/10/19.

Jt. CEO. Ad. CEO

Jt. CEO
3.10.19

Ad. C. EO.

4/10/19

11/10/19

Jt. CEO

कृ. त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2019 की गतिमान आचार संहिता समाप्त होने के उपरान्त आदेश निर्गत करें।

11.X.19
Jt. CEO

ACEO

विभाग
पत्रावली संख्या

# टीपें और आज्ञायें

**सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

महोदय नोटसीट पृष्ठ संख्या–13–15 में टिप्पणी आदेश दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 के क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालयों में तैनात निम्न अधिकारियों को सहायक जिला निर्वाचन अधिकारियों के रिक्त पद के सापेक्ष स्थानान्तरण किये जाने हेतु आदेश तैयार किया गया हैः–

| क्र0 स0 | अधिकारी का नाम | वर्तमान तैनाती जनपद | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के रिक्त पद पर तैनाती जनपद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री रमेश चन्द्र आर्या | रूद्रप्रयाग | बागेश्वर | निजी अनुरोध पर |
| 2 | मौ0 शरीफ | पौड़ी गढ़वाल | रूद्रप्रयाग | कार्यालय आदेश सं0–349/XXV-20/2017 दिनांक 05 मार्च,2018 के क्रम में स0जि0नि0अ0 के रिक्त पद पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से तैनाती |

कृपया उक्तानुसार संबंधितों के स्थानान्तरण आदेश तैयार कर तदनुसार आदेशालेखों पर हस्ताक्षर हेतु पत्रावली सचिव एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदया के हस्ताक्षरार्थ संदर्भित करने का कष्ट करें।

30/10/2019
ARO

30/10/19

30.10.19.

1.XI.19

Add. CEO

5/11/19
Addl. Chief Electoral Officer,
Uttarakhand, Dehradun

CEO

5/11/19.